सार-समाचार

पांच वारंटी गिरफ्तार

बूंदी (निसं)। बूंदी जिले की डाबी थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांच गिरफ्तार वारंटी सहित अवैध शराब बेचते हुए एक मुलाजिम को गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीण ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज कोटा के निर्देशानुसार चलाए गये विशेष अभियान एरिया डोमिनेंस के तहत बून्दी जिले मे ऐसे अपराधी जो अवैध गतिविधियों मे लिप्त है तथा प्रकरणो एव न्यायालय से प्राप्त वारन्टों में फरार चल रहे जिनकी आपराधिक गतिविधियों मे लगाम लगाने के लिए व उन पर सख्त कानुनी कार्यवाही करने के लिए थानाधिकारी पुलिस थाना डाबी हेमराज शर्मा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीमो द्वारा प्रकरणों में वांछित अपराधियों, स्थायी वारन्टी, उदघोषित अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर चैकिंग, गिरफ्तारी वारन्टी, वांछित, ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जगह जगह दबिशे दी गई। पुलिस टीमों की कडी मेहनत व आसूचना संकलन व मुखबिर द्वारा 5 गिरफ्तारी वारन्टियों मदन, राजेश, महेन्द्र, भगीरथ व कैलाश को गिरफ्तार किया गया तथा गठित पुलिस टीमो द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की बिक्री करते हुए एक मुल्जिम मुकेश को अवैध शराब के 40 पव्वो के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

30 लाख से अधिक की बकाया राशि के 24 ट्रांसफार्मर उठाये

छबड़ा (निसं)। विधुत विभाग छबड़ा की टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए लगभग एक दर्जन गांव से 30 लाख से अधिक की बकाया राशि के 24 ट्रांसफार्मर उठाये है। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला व कनिष्ठ अभियंता केडिया रजनीश चावला ओर मोहम्मद अँसार ने बताया कि उनके नेतृत्व में विधुत विभाग की टीम ने क्षेत्र के सिंगल फ़ेस के 6 ट्रान्सफ़ॉर्मर पीपलखेडी, कड़ियाँहाट, फलियाँ, इब्राहिमपुर जदीद से लगभग 6 लाख की बकाया राशि पर उठाए ओर दूसरी ओर 3 फ़ेस के 11 ट्रांसफॉर्मर दिलोद से 3, रानीफार्म से 2, सोनी से 1, कोलूखेडा से 1, कोटडी से 2, कछावन से 3 ओर गूगोर गांव में 3 ट्रांसफार्मर लगभग 24 लाख की बकाया राशि पर उठाये इसके अतिरिक्त अवेध रूप से चल रहे 7 ट्रान्सफ़ॉर्मर थ्री फ़ेस के उठाए। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। वही उन्होंने बकायादारों से अपील की है कि सभी बकायादार अपने बिल जमा करवाये अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कार्यशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। लक्ष्य और सुमन कार्यक्रम की संभाग स्तरीय आमुखीकरण कार्यशाला कम समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को स्टेशन रोड़ स्थित होटल लिलेक में संयुक्त निदेशक डॉ एमपी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इसमें संभाग के सभी सीएमएचओ, आरसीएचओ एवं लक्ष्य व सुमन कार्यक्रमों से जुडे चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी आदि मौजूद थे। संयुक्त निदेशक डॉ सिंह ने बताया कि सुमन और लक्ष्य कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है। संबधित चिकित्सा संस्थानों में लक्षित लाभार्थियों को गुणवत्तायक्त स्वास्थ्य सेवाएं देने एवं कोटा संभाग में अधिक से अधिक चिकित्सा संस्थानों को लक्ष्य सर्टिफाई करवाने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही संबंधित संस्थानों को संस्थागत प्रसव बढ़ाने व सभी गर्भवती महिलाओं और बच्चों को जेएसएसवाई की सुविधा उपलब्ध करवाने के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान जिला क्वालिटी मेनेजर इरशाद मिर्जा ने लक्ष्य व सुमन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

समस्या समाधान शिविर आज

छबड़ा (निसं)। कस्बे के विद्युत विभाग सहायक अभियंता कार्यालय में 18 मार्च को शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमे त्रुटिपूर्ण विद्युत बिल जारी होने व बकाया राशि संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सहायक अभियंता जयेंद्र सिंह झाला ने बताया कि छबडा कार्यालय के अधिनस्थ उपभोक्ताओं के त्रुटिपूर्ण विद्युत प्रपत्र जारी होने संबंधी समस्याओं का निराकरण एंव विद्युत बिल की बकाया राशि से सम्बन्धी समस्याओं का निपटारा करने के लिए विद्युत निगम द्वारा कार्यालय सहायक अभियन्ता छबडा पर 18 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधीक्षण अभियंता बारां, सहायक लेखाधिकारी अधिकारी बारां, अधिशाषी अभियंता अटरू इत्यादि अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकारण करेंगे।

समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

छीपाबडौद (निसं)। छीपाबडौद के श्री प्रेमसिंह सिंघवी राजकीय महाविद्यालय के सामने विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी ने प्रदर्शन कर एसडीएम के नाम तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यवाहक नोडल प्राचार्य प्रमोद मीणा भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि खेल मेंदान में साफ-सफाई,परिसर में पेयजल व्यवस्था ओर स्थाई प्राचार्य नियुक्त करने हेतु छात्र-छात्राओं ने आन्दोलन किया था पूर्व में भी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया जा चुका हे। महाविद्यालय के दरवाजे पर एक घंटे तक वाहन भी रूके रहे। वार्ता के बाद यातायात सुचारू हुआ।मार्ग में छबडा से छीपाबडौद आ रहे जिला परिषद सीईईओ ने भी वैकल्पिक मार्ग चुना था।

एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक आज

छबड़ा (निसं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया के सभी चरणों में पारदर्शिता बढाने के लिए राज्य स्तरए जिला स्तर एवं उपखण्ड स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता तथा प्रत्येक मतदान केन्द्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति, मतदाता सूची में जेण्डर रेशों व इलेक्ट्राल रेशों में सुधार इत्यादि किया जाना है। इसके लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम रामसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक मंगलवार शाम चार बजे उपखण्ड कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने दी है।

आज से शिविर शुरू होंगे

छबड़ा (निसं)। एग्रीस्टेक योजना अंतर्गत फ़ॉर्मर रजिस्ट्रेशन के लिए ग्राम पंचायत कडैयानोहर, बारई, फलिया, हान्याहेडी, तेलनी, भुवाखेडी दिलोद, गूगौर में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मंगलवार से आगामी आदेशों तक फॉलोअप फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिन किसानों ने अभी तक अपनी फार्मर आईडी नहीं बनवाई है वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त तहसील कार्यालय में फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए एक स्थाई कैम्प आगामी आदेशों तक संचालित है। यह जानकारी एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने दी है।

लाखों रूपयों से भरा बैग चोरी

छीपाबड़ौद (निसं)। के अकलेरा रोड पर पंचायत समिति के सामने एक बुजुर्ग को टमाटर सोस की गंदगी लगा,चकमा देकर दो युवक लाखों रूपयों से भरा बेग उड़ा ले गये। थानेदार अजीतसिंह ने बताया बद्रीलाल पुत्र गोपाल गुर्जर गांव रांवा अपनी भूमि के बेचान के दो लाख नब्बे हजार रूपये लेकर बडोदा बेंक में जमा करवाने आया था दो घंटे तक साईट नहीं चलने के कारण सामने चाय की दुकान पर इन्तजार कर रहा था तभी कुर्ते पर गंदगी लगा मोटरसाइकिल सवार एक युवक ओर बच्चा चकमा देकर थैला उठा फरार हो गये। तभी सीसीटीवी फुटेज के संकलन करने की प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न पुलिस टीम रवाना कर मामला खुलासे के प्रयास किये जा रहे है।

महावीर बने समाज अध्यक्ष

छबड़ा (निसं)। माली समाज की बैठक समाज की धर्मषाला में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से महावीर सुमन को अध्यक्ष चुना गया। जिस पर समाजबंधुओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। नए अध्यक्ष महावीर ने समाज में व्याप्त कुरूतियों को दूर करने व समाज को संगठित आदि की बात कही। यहां समाज की गतिविधियों पर चर्चा भी की गई।

पेंशन संबंधित समस्याओं के लिए कार्यशाला 21 मार्च को

कोटा, (निसं)। क्षेत्रीय पेंशन कार्यालय सीएडी परिसर में 21 मार्च, शुक्रवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक विभिन्न राजकीय सेवानिवृत्त पेंशनर्स अथवा भावी पेंशनर्स के पेंशन संबंधित समस्याओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

कोटा आकाश में होगी बिना किसी दबाव के नीट की तैयारी

कोटा आकाश इंस्टीट्यूट ने नया कोर्स क्राउन लॉन्च किया।

■ लांच हुआ नया कोर्स क्राउन

कोटा, (निसं)। आकाश इंस्टीट्यूट कोटा में सोमवार को कोटा के मीडिया कर्मियों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। साथ ही आकाश कोटा में क्राउन कोर्स को लांच किया गया जिसका मूलभूत उद्देश्य स्टूडेंट को तनाव से दूर रखना है।

अधिक जानकारी देते हुए आकाश राजस्थान रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित ने बताया कि गत वर्ष आकाश ने स्टूडेंट्स की मूलभूत समस्या को समझते हुए इंटेंसिव प्लस कोर्स लांच किया था जिसमे प्रत्येक स्टूडेंट के लिए पर्सनल मेंटर दिया जाता है ताकि स्टूडेंट को हर छोटी से छोटी समस्याओं पर तुरंत समाधान मिल सके और वह निरंतर अपनी पूर्ण क्षमता से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सके।

इंटेंसिव प्लस कोर्स के कारण ही आकाश का प्रत्येक स्टूडेंट तनावमुक्त रहा है और आगामी परीक्षाओं में पूर्ण आत्मविश्वास से सम्मिलित होने जा रहा है। इसी क्रम में स्टूडेंट को दोहरी सुरक्षा और तनावमुक्त रखने के लिए यह क्राउन कोर्स आज लांच किया जा रहा है। कक्षा 12वीं के बाद आने वाले विद्यार्थियों की संख्या कोटा में अधिक होती है इनमें से अधिकांश विद्यार्थी पहली बार कोचिंग के माध्यम से नीट और जेईई परीक्षा की तैयारी करते हैं। कोटा में सभी 12वीं पास विद्यार्थियों को रिपीटर या ड्रॉपर कहा जाता है, जबकि यह विद्यार्थी जो की पहली बार कोचिंग के माध्यम से तैयारी कर रहे हैं इन्हें फ्रेशर कहा जाना चाहिए।

आकाश कोटा इन 12वीं पास फ्रेशर स्टूडेंट के लिए 2 साल का एक क्राउन कोर्स लॉन्च कर रहा है, क्योंकि अमूमन यह देखा गया है कि यह फ्रेशर विद्यार्थी एक साल के कम समय में 11वीं और 12वीं के सिलेबस को ठीक तरह से नहीं कर पाते हैं और प्रेशर में आ जाते हैं। इस प्रेशर की वजह से नीट परीक्षा में या तो सेलेक्ट नहीं हो पाते हैं या एमबीबीएस सीट हासिल नहीं कर पाते हैं। यह विद्यार्थी मनचाही एमबीबीएस सीट के लिए 3 से 4 साल कोटा में रहकर रिपीट करते हैं जिसमें समय के साथ पैसा भी अधिक लगता है। नीट परीक्षा में पिछले वर्षों में कट ऑफ मार्क्स लगातार बढ़ रहे हैं और इसी प्रतिस्पर्धा में स्टूडेंट एक साल के प्रेशर की वजह से बाहर हो जाते हैं।

क्राउन कोर्स में 12वीं पास फ्रेशर स्टूडेंट्स को पहले साल सिर्फ 11वीं का सिलेबस पूर्ण रूप से आकाश सिस्टम के अनुरूप कराया जाएगा और अगले वर्ष दिवाली से पहले 12वीं का सिलेबस पूर्ण करवाकर उसके पास 5 महीने का समय उपलब्ध होगा, जहां स्टूडेंट्स, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ रिवीजन और एक्सपर्ट के साथ निरंतर प्रेक्टिस कर पाएंगे और एक शानदार और सिस्टेमेटिक तैयारी के साथ नीट परीक्षा में बैठेंगे। यह कोर्स पूर्ण रूप से विद्यार्थियों के हित में बनाया गया है क्योंकि एक साल वाली तैयारी में स्टूडेंट्स के ऊपर सिलेक्शन का प्रेशर रहता है जबकि इस कोर्स में विद्यार्थी पूर्ण आत्मविश्वास से नीट परीक्षा में बैठेगा और इस स्थिति में उसके मनचाही एमबीबीएस सीट मिलने के अवसर और बढ़ जाएंगे। दीक्षित ने बताया कि आकाश राजस्थान की सभी 16 ब्रांचो पर यह कोर्स उपलब्ध होगा। इस कोर्स की फीस अन्य नियमित कोर्स की दो साल की फीस से कम रखी गयी है।

कांग्रेस का होली मिलन समारोह आयोजित

रामगंजमण्डी, (निसं)। खान सातलखेड़ी में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रहलाद गुंजल ने कहा कि आज समाज में पैसों की ताकत से हिरण्यकश्यप पैदा हो गए है जो कि होलिका में भक्त प्रहलाद को जला देंगे। यदि समाज पैसे की ताकत के आगे अपना मतदान प्रभावित कर देंगे तो प्रहलाद होलिका में जल जायेंगे और होली धुलंडी की सकारात्मक सोच खत्म हो जाएगी ,पैसे से वोट खरीदा जाएगा तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा, मतदाता अपनी ताकत को पहचाने तुच्छ लाभ के लिए लोकतंत्र का गला न घोटे, अन्यथा जनता के लिए लड़ने वाला नेता कार्यकर्ता हतोत्साहित हो जायेगा। रामगंजमंडी के विकास में आज भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है जबकि सबसे बड़े पदों पर बैठे लोग यहां के जनप्रतिनिधि है, लेकिन उनका दंभ उन्हें हिरण्यकश्यप बना रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर काम करे। इसी क्रम में सभा को विधानसभा चुनाव में रहे कांग्रेस प्रत्याक्षी सहित दोनों ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयन्दा, हेमंत तिवारी, मोहनलाल बैरवा, भवानीमंडी के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अनिल मीणा, पूर्व सरपंच घांसीलाल मरमठ आदि ने भी संबोधित किया।

अटल भूजल योजना की कार्यशाला

कोटा, (निसं)। जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई भूजल विभाग द्वारा अटल भूजल योजना के अंतर्गत सोमवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पंचायत प्रशिक्षण केंद्र सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि प्रिंसिपल पंचायत प्रशिक्षण केंद्र लोकेश दाधीच, सहायक निदेशक कृषि विस्तार सांगोद डॉ. नरेश कुमार शर्मा व सहायक निदेशक उद्यान विभाग सांगोद सुमन मीणा रहे। कार्यक्रम में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

NAME CHANGE

My daughter Jiya Singh date of birth 29/10/2012 As per school records her name is Jiya Singh, I want to change her name from Jiya Singh to Jiyanshu Singh in her school records. be known by this name in future Vijay Kumar Singh, Jawahar Nagar, Kota.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मनोहर लाल पुत्र श्री पेरुमल द्वारा एक भूखंड संख्या 167-ए स्थित सिंधी कालोनी कोटा पैमाईशी 315 वर्गफीट में से 263.2 वर्गफीट श्रीमती शांति देवी पत्नी स्व. श्री तिरथदास जाति सिंधी निवासी 137, 139 सिंधी कालोनी कोटा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 25.2.2025 को खरीद किया है जिसका रजिस्ट्रेशन उप पंजीयक कोटा के यहां पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1885 पृष्ठ संख्या 115, क्रम संख्या 202503123102396 पर पंजिबद्ध किया गया है। उक्त खरीद के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त अचल सम्पत्ति का एक मात्र मालिक व काबिज चला आ रहा है। यदि कोई व्यक्ति उक्त भूखंड के संबंध में किसी प्रकार का कोई सौदा किसी प्रकार से अथवा किसी भी व्यक्ति से करता है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। उससे होने वाले किसी भी नुकसान के लिए मेरा पक्षकार जिम्मेदार नहीं होगा।

कोटा

दिनांक: 17.3.25

भवदीय

अजय नन्दवाना एडवोकेट, कोटा

लाड़ली बहनों को स्वरोजगार से जोड़कर बनाएंगे सामर्थ्यवान : बिरला

■ डकनिया स्टेशन रोड पर आन्या एनजीओ स्किल सेंटर का उद्घाटन

■ महिलाओं व युवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रारम्भ

कोटा, (निसं)। आन्या फाउंडेशन ने महिलाओं और युवतियों को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक नई पहल की है।

स्कूली छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, मेधावी विद्यार्थियों को नि:शुल्क यूपीएससी कोचिंग और स्किल अप कोटा के जरिए युवाओं के कौशल को निखारने जैसी अनूठी पहल प्रारम्भ कर चुके इस फाउंडेशन ने शहर में स्किल सेंटर की स्थापना की है। सोमवार को उपभोक्ता भंडार चेयरमैन हरिकृष्ण बिरला और भारतीय रेल सेवा अधिकारी अंजलि बिरला ने डकनिया रेलवे स्टेशन रोड पर इस सेंटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपभोक्ता भंडार चेयरमेन हरिकृष्ण बिरला ने कहा कि हमारी लाड़ली बहनों में सामर्थ्य और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें उपयुक्त अवसरों की आवश्यकता है। यह स्किल सेंटर इसी उद्देश्य के साथ शुरू किया गया है, ताकि लाड़ली बहनें आत्मनिर्भर बन सकें और अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। इस प्रयास में योगदान देने वाले सभी युवा सराहना के पात्र हैं।

भारतीय रेल सेवा अधिकारी अंजलि बिरला ने कहा कि यदि हमारे पास हुनर है, तो हमें किसी पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। हमारी कोशिश है कि महिलाएँ सशक्त और समृद्ध बनें, यह सेंटर उन हजारों महिलाओं के लिए समर्पित है, जो अपने बलबूते आगे बढ़ना चाहती हैं। स्किल सेंटर का शुभारंभ नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण से किया गया है। भविष्य में महिलाओं के लिए कई अन्य कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम भी शुरू किए जाएंगे, जिससे वे स्वरोजगार शुरू कर अपने और अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बना सकें। स्किल सेंटर में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण के लिए 500 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने पंजीकरण कराया है।

प्रतिदिन दो बैच में 60-60 प्रशिक्षार्थियों को 45 दिन तक सिलाई का सम्पूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाकी प्रशिक्षार्थियों को आगामी बैच में अवसर मिलेगा। इस दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रारंभिक से उन्नत स्तर तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद फाउंडेशन द्वारा कोर्स सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक महिलाएँ स्किल सेंटर पर नि:शुल्क पंजीकरण करवा सकती हैं। इस दौरान आन्या फाउंडेशन के प्रतिनिधि व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

विकास योजनाओं की समीक्षा की

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि बजट घोषणाएं समयबद्ध रूप से पूरी हों ताकि तय समय पर सभी घोषणाओं को धरातल पर उतारा जाए और जनता को इनका पूरा लाभ मिल सके।

सोमवार को ऊर्जा मंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में सांगोद विधानसभा क्षेत्र के लिए की गई नवीन बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की तैयारी एवं गत वित्तीय वर्ष की बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

नागर ने कहा कि हर खेत तक रास्ता पहुंचाना हमारा संकल्प है, इस संकल्प की सिद्धि में अधिकारी भी सहयोगी बनें, अधिकारी पंचायतों में जाएं खेतों के लिए रास्ते सुनिश्चित कराएं। प्रचलित रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए ताकि नरेगा अन्तर्गत कार्य कराए जा सकें।

कलेक्टर को ज्ञापन दिया

झालावाड़ (निसं)। झालावाड़ के खंडिया चौराहे पर स्थित इंद्रा गांधी उद्यान जिसे। अब खंडिया पार्क के नाम से जाना जाता है उसमें कुछ दिनों पूर्व पक्षी घर का निर्माण करवाया गया है जिसको लेकर आम नागरिकों में खासा रोष व्याप्त है जिसको लेकर सोमवार को आन नागरिकों द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया प्रात: काल पार्क में आने वाले नागरिकों ने बताया कि इस पक्षी घर को व्यक्ति विशेष के द्वारा अनावश्यक रूप से यहा बिना किसी अनुमति के बनता दिया गया जबकि यहां काफी संख्या में बडे बड़े पेड़ है जिन पर ही पक्षी बैठा करते है ऐसे में इस पक्षी घर कही अन्य स्थान पर बनाना चाहिए था

पार्क में आने वाले पर्यावरण प्रेमी सालिगराम दांगी ने बताया कि पार्क में पक्षी घर का निर्माण कार्य करवाया गया जिसे लम्बे समय से अधूरा छोड़ रखा है पक्षी घर के नीचे चारों तरफ लगभग तीन फीट का गड्ढा है तथा निर्माण हेतु खुदाई की गई मिट्टी पार्क की दीवार के सहारे तथा वॉकिंग ट्रैक पर डाली हुई है निर्माण के लिए जेसीबी मशीन को लाने से अंदर के नाले का ढकान दो जगह से क्षितग्रस्त हो गया है जिसको ठीक नहीं करवाया गया है जिससे यहां घूमने आने वाले आम नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है यहां पर पांच कॉलोनियां तिलकनगर, मास्टर कॉलोनी, खंडिया कॉलोनी, जवाहर कॉलोनी, कपिलवस्तु कॉलोनी के आम नागरिक घूमने आते हैं घूमने वाले आम नागरिक पक्षी घर के गड्ढे में व टूटे हुए नाले में गिरने का डर बना रहता है पूर्व में प्रात: काल घूमने आने वाले रिटायर्ड बैंक मैनेजर हरिशंकर मीणा भी इस गड्ढे में गिरकर घायल हो चुके है इस अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने हेतु जिला कलेक्टर को आज ज्ञापन दिया गया।

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-340 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-7.8.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीनाथपुरम-ए आवासीय कम व्यवसायिक योजना के भूखंड/आवास संख्या 43 का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 31.05.21 को श्रीमती अजीदा बानो पत्नी श्री लतीफ मोहम्मद को किया गया था। आवंटी श्रीमती अजीदा बानो पत्नी श्री लतीफ मोहम्मद द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्रीमती किरण जैन पत्नी श्री राजेश जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.04.2023 को श्री वैभव जैन पत्नी श्री प्रेमचंद जैन को विक्रय कर दिया गया है। अत: क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 43 योजना श्रीनाथपुरम-ए आवासीय कम व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री वैभव जैन पत्नी श्री प्रेमचंद जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ/तहसील/क.ब./2025/971 दिनांक:-17.3.25

नाम हस्तान्तरण हेतु विज्ञप्ति आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा कच्ची बस्ती नियमन के तहत सर्वे संख्या 72 कच्ची बस्ती रंग विहार अम्बेडकर नगर का पट्टा नियमन क्रमांक नियम/आवंटन/43 दिनांक 03.05.2008 को श्री गुमान सिंह पुत्र श्री जगन्नाथ सिंह एवं श्रीमती पुष्पा कंवर पत्नी गुमान सिंह को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री गुमान सिंह का स्वर्गवास दिनांक 08.05.2021 को हो जाने के कारण आवेदक द्वारा प्रस्तुत वसीयत नाम दिनांक 09.12.2020 एवं शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती पुष्पा कंवर पत्नी स्व. श्री गुमान सिंह ने स्वयं के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। जिसका नाम हस्तांतरण प्रस्तावित है।

अत: उक्त नाम हस्तांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में अपनी आपत्ति कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर देवें। अन्यथा बाद मियाद उक्त आवास का नाम हस्तान्तरण श्रीमती पुष्पा कंवर पत्नी स्व. श्री गुमान सिंह के नाम से कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3732 विज्ञप्ति दिनांक:-17.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम डडवाडा योजना "संजय नगर" खसरा नं. 10, 10/115 में स्थित भूखंड संख्या 13-जी के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्री राकेश पुत्र स्व. श्री अतर सिंह निवासी मकान नं. 5 संजय नगर कोटा जं. कोटा राजस्थान द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 11265 दिनांक 23.01.2012 से श्रीमती कपूरी देवी पत्नी श्री अतर सिंह राजपूत के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टाधारी की मृत्यु दिनांक 19.06.2021 को हो चुकी है। पट्टाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयत दिनांक 30.05.2007 को अपने पुत्र राकेश सिंह के पक्ष में आलेखित की गई थी। आवेदक द्वारा संलग्न पंजीकृत वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अत: श्री राकेश पुत्र स्व. श्री अतर सिंह के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

कार्यालय पंचायत समिति अन्ता जिला बारां

क्रमांक:-पं.स.अ./लेखा/2024-25/948-51 दिनांक:-12.03.2025

Notice Inviting Bid

Bid for "SUPPLY OF SURAKSHA GUARD AT ALL GRAM PANCHAYAT, PANCHAYAT SAMITI ANTA" are invited from interested bidders upto 06.00 pm on 23.03.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

UBN-ZBR2425SLRC00936

विकास अधिकारी

पंचायत समिति अन्ता

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश छीपाबड़ौद जिला बारां राज.

पीठासीन अधिकारी साक्षी चौधरी

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रकरण संख्या 31/2022

1. सईदन पत्नी चांदमोहम्मद जाति मुसलमान 2. जानमोहम्मद पुत्र चांदमोहम्मद जाति मुसलमान निवासीगण हरनावदाशाहजी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां राज. 3. अनीसा पुत्री चांदमोहम्मद पत्नी फरीद जाति मुसलमान निवासी श्रमिक कालोनी बारां जिला बारां राज. .....प्रार्थीगण

बनाम

सर्व साधारण

वाद बाबत घोषणा

वास्ते सर्व साधारण,

जो कि प्रार्थी के पिता/पति चांदमोहम्मद पुत्र कल्लुखां जाति मुसलमान निवासी हरनावदाशाहजी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां राज. थे जो कि वर्ष 1974 से लापता है लापता होने के बाद वादीगण ने उन्हें हर जगह तलाश करने का भरसक प्रयास किया किन्तु लापता चांदमोहम्मद के जीवित व मृत्यु की स्पष्ट जानकारी कही से नहीं सकी और चांदमोहम्मद का आज तक भी कुछ पता नहीं चल सका है। 25.09.2014 को पुलिस थाना हरनावदाशाहजी में गुमशुदगी की भी रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसके बाद सात वर्ष से अधिक समय हो जाने के बाद भी चांदमोहम्मद का कोई पता नहीं चला इस पर 21.07.2022 को चांदमोहम्मद को मृत घोषित करवाने के लिए न्यायालय में वाद पेश किया है।

अत: इस सूचना पत्र द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चांदमोहम्मद पुत्र कल्लूखां जाति मुसलमान निवासी हरनावदाशाहजी तहसील छीपाबड़ौद जिला बारां राज. को मृत घोषित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 19.3.25 समय 10 ए.एम. पर न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें।

मोहर अदालत

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश

छीपाबड़ौद जिला बारां (राज.)

अभिभाषक परिषद ने होली मिलन व पुरस्कार वितरण समारोह मनाया

कोटा अभिभाषक परिषद का होली मिलन व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कोटा, (निसं)। अभिभाषक परिषद कोटा की ओर से होली मिलन व पुरस्कार वितरण समारोह दाधीच छत्रावास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कपिल प्रकाश माथुर अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायधीश कोटा सत्यनारायण व्यास व विशिष्ट अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा थे। परिषद के अध्यक्ष मनोज पूरी द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स

कार्यक्रम में परिषद द्वारा आयोजित की गई खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता व उप विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अध्यक्ष मनोज पुरी द्वारा सभी खिलाड़ियों, आयोजन समिति के संयोजक सत्यवीर सिंह चौहान, सहसंयोजक महावीर प्रसाद शर्मा व समिति के अन्य सदस्यों, कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा सभी को होली की शुभकामनायें दी गयी।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4799 जाहिर आम सूचना दिनांक - 17.3.25

आवास संख्या 2-थ-57 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कृष्ण गोपाल विजय को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कृष्ण गोपाल विजय द्वारा दिनांक 01.03.2000 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कृष्ण गोपाल विजय की मृत्यु दिनांक 10.08.2020 को हो चुकी है। श्री अनिल कुमार विजय पुत्र श्री कृष्ण गोपाल विजय द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 17.02.2020 को इनकी पत्नी श्रीमती स्वर्णलता विजय के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती स्वर्णलता विजय पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार विजय द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-थ-57 विज्ञान नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती स्वर्णलता विजय पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार विजय के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती स्वर्णलता विजय पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार विजय के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती स्वर्णलता विजय पत्नी स्व. श्री अनिल कुमार विजय के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4796 जाहिर आम सूचना दिनांक - 17.3.25

आवास संख्या 5/100 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती अर्श कुमारी आनन्द पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार आनन्द को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती अर्श कुमारी आनन्द पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार आनन्द द्वारा दिनांक 06.03.2002 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्रीमती अर्श कुमारी आनन्द पत्नी श्री सतेन्द्र कुमार आनन्द द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 10.05.2004 को श्री सूरज भान मीणा पुत्र श्री कंवरलाल मीणा को किया गया। श्री सूरज भान मीणा पुत्र श्री कंवरलाल मीणा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 05.02.2013 को श्री जोगिन्द्र कुमार पुत्र श्री किशनचन्द को किया गया। श्री जोगिन्द्र कुमार पुत्र श्री किशनचन्द का नाम दिनांक 06.08.2013 को विक्रय पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री जोगिन्द्र कुमार पुत्र श्री किशनचन्द द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 03.12.2024 को श्रीमती राजेश गौत्तम पत्नी श्री शंकर लाल गौत्तम को किया गया। श्रीमती राजेश गौत्तम पत्नी श्री शंकर लाल गौत्तम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 5/100 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती राजेश गौत्तम पत्नी श्री शंकर लाल गौत्तम का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती राजेश गौत्तम पत्नी श्री शंकर लाल गौत्तम का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती राजेश गौत्तम पत्नी श्री शंकर लाल गौत्तम के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

जनरल नोटिस

अज अदालत जिला न्यायाधीश कोटा

बइजलास श्री सत्यनारायण व्यास आर.एच.जे.एस.

जिला न्यायाधीश कोटा

विविध दीवानी प्रार्थना पत्र क्रमांक CM 19/2025

श्रीमती निर्मला बाई पुत्री स्व. श्री बंशी लाल, बेवा स्व. श्री रामदयाल उम्र 48 साल निवासी मकान नम्बर 687, बड़ के पेड़ के पास, कोटा पिन 324001 (आधार नम्बर 7676 2649 1235) मो. नम्बर 9660210971 ...... प्रार्थीया

- बनाम -

(1) श्रीमती विमला बाई पत्नी स्व. बंशी लाल, उम्र 61 वर्ष (द्वितीय पत्नी) (2) मीना पुत्री स्व. बंशी लाल, उम्र 38 वर्ष (3) रेनु पुत्री स्व. बंशी लाल, उम्र 32 वर्ष (4) ममता पुत्री स्व. बंशी लाल, उम्र 30 वर्ष निवासीगण- इस्माईल चौक, नयापुरा, कोटा (राज.) पिन 324001 (5) स्टेशन कमाण्डर, स्टेशन हैड क्वार्टर जिला कोटा पिन 324001 (6) यूको बैंक शाखा नयापुरा कोटा (राज.) पिन 324001 (7) हर आम व खास ...... प्रतिपक्षीगण

प्रार्थना पत्र वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

एतदद्वारा हर आम व खास को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थीया ने उपरोक्त उनवान शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया है कि प्रार्थीया के पिता स्व. बंशी लाल भारतीय सेना के स्टेशन हैड क्वार्टर में सफाई कर्मी के पद पर नौकरी करते थे तथा सेना से सेवामुक्त हुए थे तथा प्रतिपक्षी नम्बर 6 यूको बैंक शाखा नयापुरा, कोटा (राज.) पिन 324001 से खाता संख्या 19340110013793 पेंशन प्राप्त कर रहे थे, स्व. बंशी लाल की मृत्यु दिनांक 11.10.2020 के बाद उनकी पत्नी श्रीमती प्रेम बाई भी पारिवारिक पेंशन जोईट खाता होने के नाते इसी खाता संख्या 19340110013793 से पेंशन प्राप्त करती थी, जिसकी भी मृत्यु दिनांक 25.05.2024 को हो चुकी है। प्रार्थीया के पति श्री रामदयाल की मृत्यु दिनांक 22.12.2023 को हो चुकी है। प्रार्थीया के माता-पिता व पति की मृत्यु के बाद प्रार्थीया माता-पिता के उपर पूर्ण रुप से आश्रित होने से वहीं निवास कर रही थी। सैना कर्मी की विधवा पुत्री होने के नाते उसने पारिवारिक पेंशन व बैंक में जमाशुदा राशि को प्राप्त करने के लिए आवेदन किया तो इस सम्बंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति वास्ते प्रार्थीया ने इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः हर आम व खास को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त पेंशन के बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रार्थी के पक्ष में जारी किये जाने में किसी प्रकार की आपत्ति एवं एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक 11.04.2025 को समय 10 AM बजे पर न्यायालय हाजा में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करे, अन्यथा प्रार्थी का आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा। यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 03 माह 03 वर्ष 2025 को जारी किया गया।

न्यायालय के आदेश से

मुद्रा वरिष्ठ मुंसरिम

जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)